ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान

जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 13-10-2020

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2020-10-13 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2020-10-14	2020-10-15	2020-10-16	2020-10-17	2020-10-18
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	2.0
अधिकतम तापमान(से.)	37.0	38.0	37.0	34.0	35.0
न्यूनतम तापमान(से.)	20.0	20.0	21.0	21.0	19.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	23	22	23	16	25
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	10	9	12	8	9
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	9.0	16.0	16.0	15.0	14.0
पवन दिशा (डिग्री)	50	50	70	50	70
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	1	7	3	4

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में आसमान में आंशिक बादल छायें रहने तथा वर्षा नहीं होने की सम्भावना।

सामान्य सलाहकार:

रबी फसलों में दीमक व अन्य कीडो की रोकथाम के लिए बुवाई से पूर्व अन्तिम जुताई के समय क्यूनालफॉस 1.5 प्रतिशत चूर्ण 25 किलो ग्राम प्रति हैक्टेयर खेत में डालें।

लघु संदेश सलाहकार:

किसान भाई सरसों व चना की बुवाई के लिए बीज व खाद की व्यवस्था करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
सरसों	सिंचित क्षेत्र मे सरसों की बुवाई के लिए उचित समय 15 अक्टूबर से 25 अक्टूबर है। पूसा सरसों-25, पूसा सरसों-26, पूसा सरसों-27, एन.आर.सी.एच.बी-101, सी.एच-52, टी-59, आर.एच-30, बायो-902 ,जी.एम-2 व आर.एच-819 उन्नत किस्में है। बुवाई के लिए 4-5 किलो बीज प्रति हैक्टेयर के लिए पर्याप्त है।

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
सरसों	सरसों की फसल को सफेद रोली रोग के प्रकोप से बचाने के लिए बीज को मेटालेक्सिल 35 एस.डी 6 ग्राम प्रति किलो बीज की दर उपचारित करें।
चना	चने की फसल को जड़ गलन रोग से बचाने के लिए बीज को कार्बेण्डेजिम 2 ग्राम प्रति किलो बीज की दर से उपचारित करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
प्याज	प्याज की पौध तैयार करने के लिए क्यारियां तैयार करें। पूसा रेड, नासिक रेड, आर.ओ-252, हिसार प्याज-3, उदयपुर -102, पूसा व्हाइट फलेट व अकोला सफेद प्याज की उन्नत किस्में है। एक हैक्टेयर फसल लगाने के लिए 10 किलो बीज पर्याप्त होता है।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	बदलते मौसम में पशुओं में गलघोंटू (H.S) व ठप्पा रोग (B.Q) के फैलने की संभावना अत्यधिक रहती है। अतः समय रहते इनके टीके अवश्य लगवाएं।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	चारे वाली फसलें जैसे रिजका, बरसीम व जई की बुवाई के लिए खेत तैयार करें। जावी-8, ओ.एल-9, ओ.एल-529 व केन्ट, डी.एफ.ओ-57 जई की उन्नत किस्में हैं। आन्नद-2, एल.एल.सी-3, टाईप-9 व सिरसा-8 रिजका की उन्नत किस्में है। मसकावी व वरदान बरसीम की उन्नत किस्में है।